उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार, 08 चैत्र, शक संवत्, 1927
**( दिनांक : 29 मार्च, 2005 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्प सूचित प्रश्न (देखिये नत्थी **"क"**)।

2. अन्य प्रश्न (देखिये नत्थी **"ख"**)।

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. श्री बिशन सिंह चुफाल, सदस्य, विधान सभा, "जनपद पिथौरागढ़ के बेरीनाग, काली विनायक, पुराना थल तथा तड़ीगांव मोटर मार्ग का डामरीकरण किये जाने के सम्बन्ध में" श्री जीवन पाठक एवं अन्य निवासीगण, जनपद पिथौरागढ़ द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

5. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा, "उत्तरकाशी नगर को तीर्थ नगरी घोषित करने तथा नगर में तीर्थ सुधार अधिनियम लागू किये जाने के सम्बन्ध में" श्री महावीर चौहान एवं अन्य निवासीगण, जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. डा0 नारायण सिंह जन्तवाल, सदस्य, विधान सभा, "जनपद नैनीताल के विकास खण्ड भीमताल के अन्तर्गत ज्योलीकोट अथवा बल्दियाखान में शीतगृह निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में" श्री किशन सिंह एवं अन्य निवासीगण, जनपद नैनीताल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. डा0 नारायण सिंह जन्तवाल, सदस्य, विधान सभा, "जनपद नैनीताल के विकास खण्ड भीमताल, ग्राम सभा देवीधूरा में ग्राम जमीरा से बल्दियाखान जीप मार्ग का निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में" श्री जगदीश चन्द्र एवं अन्य निवासीगण, जनपद नैनीताल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्रीमती विजय बड़थ्वाल, सदस्य, विधान सभा, "नये जनपद कोटद्वार की स्थापना के सम्बन्ध में" श्री भारत सिंह रावत एवं अन्य निवासीगण, जनपद पौड़ी गढ़वाल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

10. नियम 315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

11. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

12. मुख्यमंत्री, दून विश्वविद्यालय विधेयक, 2005 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

13. मुख्यमंत्री, दून विश्वविद्यालय विधेयक, 2005 को पुरःस्थापित करेंगे।

14. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

15. संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल (विधान सभा सदस्यों, मंत्री तथा अधिकारियों की उपलब्धियां और पेंशन) (प्रथम संशोधन) विधेयक, 2005 पर विचार किया जाय (15 मिनट)।

16. संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल (विधान सभा सदस्यों, मंत्री तथा अधिकारियों की उपलब्धियां और पेंशन) (प्रथम संशोधन) विधेयक, 2005 पारित किया जाय।

17. वित्तीय वर्ष, 2005-2006 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

18. नियम 51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 29 मार्च, 2005**

**( महेश चन्द्र )**
**सचिव।**

द्वितीय सत्र, 2005
का द्वितीय मंगलवार

उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार, 08 चैत्र, शक संवत्, 1927

**( दिनांक : 29 मार्च, 2005 )**

# नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रकाश पंत<br>15-03-2005<br>श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>15-03-2005<br>श्री कैलाश शर्मा<br>15-03-2005 | **1. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि सरकार द्वारा गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले तथा अनु0 जाति के वर्ग को दी जा रही विवाह, पारिवारिक लाभ, बीमारी इत्यादि की सुविधा दी जा रही है? यदि हाँ, तो क्या मंत्री महोदय वर्ष 2004-05 में मदवार वितरित की गयी सहायता राशि का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखने का कष्ट करेंगे? | **समाज कल्याण** |

# नत्थी ''ख''

# तारांकित प्रश्न

श्री हरबंस कपूर
04-03-2005

*1. **स्पष्टीकरण हेतु हटाया गया**

श्री प्रीतम सिंह पंवार
09-03-2005

*2. **दिनांक 28-03-2005 को तारांकित 12 द्वारा उत्तरित**

श्री प्रकाश पंत
09-03-2005

**राज्य सम्पत्ति**

*3. क्या राज्य सम्पत्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दिल्ली स्थित उत्तरांचल निवास में अपेक्षित कक्ष उपलब्ध न हो पाने के कारण शासकीय कार्य से दिल्ली यात्रा करने वाले मंत्री, विधायक तथा अधिकारियों को अन्यत्र निवास हेतु व्यवस्था करने में वर्ष 2002-03, 2003-04 तथा 30 नवम्बर, 2004 तक कितना व्यय किया गया? क्या सरकार उत्तरांचल निवास का पुर्ननिर्माण अपेक्षित रुप में कराये जाने की कोई कार्य योजना बना रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों नहीं?

श्री मदन कौशिक
10-03-2005

**लोक निर्माण**

*4. क्या लोक निर्माण मंत्री को जानकारी है कि राष्ट्रीय राज मार्ग, प्रान्तीय राज मार्ग, एम.डी.आर. तथा ओ.डी.आर. सड़कों का छोटे कस्बों के बीच निर्मित भाग जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण प्रति वर्ष अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो जाता है तथा सरकार का करोडों का नुकसान होता है? यदि हाँ, तो क्या सरकार राज्य के कस्बों के बीच गुजरने वाली सड़कों के निर्माण के साथ प्राक्कलन में जल निकासी की भी व्यवस्था करने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

श्री किशोर उपाध्याय
15-03-2005

**लोक निर्माण**

*5. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि उत्तरांचल राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के आलोक में निर्माण सामग्री की लागत को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्रवार निर्माण कार्यो के मानक (शिड्यूल) निर्धारित किये गये हैं? यदि नहीं, तो इसकी आवश्यकता क्यों नही समझी गयी? क्या इस संबंध में सरकार तत्काल कार्रवाई करेगी?

# अतारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>01-03-2005 | 1. | क्या सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि भीमताल जनपद नैनीताल में आई.टी.पार्क. स्थापित कर दिया गया है? यदि हाँ, तो इसका क्या स्वरूप होगा तथा इसका संचालन किसके द्वारा किया जायेगा? | **सूचना एवं प्रौद्योगिकी** |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>01-03-2005 | 2. | क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 3 अक्टूबर, 1994 में उत्तरांखण्ड राज्य आन्दोलन में नैनीताल में शहीद हुए स्व0 प्रतापसिंह के शहादत स्थल से लगे हुए पार्क का नाम स्व0 प्रतापसिंह के नाम से रख दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | **नगर विकास** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>02-03-2005 | 3. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत देवप्रयाग-व्यासघाट मोटर मार्ग के निर्माण की स्वीकृति कब प्राप्त हुई और इस मार्ग का निर्माण कब प्रारम्भ किया गया है तथा इस मार्ग निर्माण के निर्धारित लक्ष्य की अवधि क्या है? क्या यह सत्य है कि निर्धारित लक्ष्य के आधार पर अभी तक इस मार्ग का निर्माण पूर्ण नहीं करवाया जा सका है? यदि हाँ, तो इस मोटर मार्ग के निर्माण में हो रहे विलम्ब के कारण क्या है तथा इस विलम्ब के लिये उत्तरदाई के प्रति क्या कार्यवाही की जा रही है? उक्त मार्ग का निर्माण कब तक पूर्ण हो जायेगा? | **तृतीय सोमवार के अतारांकित 39 में स्था0** |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>02-03-2005 | 4. | क्या वन मंत्री के संज्ञान में है कि वन विभाग द्वारा जनपद देहरादून के माखिम ग्रान्ट न्याय पंचायत के राजाजी नेशनल पार्क से लगे क्षेत्र में ऊर्जा बाड़ लगायी गयी थी? यदि हाँ, तो कुल कितने लम्बाई में? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त ऊर्जा बाड़ में ऊर्जा संचालित हो रही है? यदि हाँ, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | **वन** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>03-03-2005 | 5. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौगांव अन्तर्गत कलोगी-किम्मी हल्का वाहन मार्ग निर्माण हेतु अध्याप्त ग्राम मानड़गांव मध्ये खेत नं0 1043, 1044 व 985 का प्रतिकर भुगतान कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों तथा भुगतान कब तक कर लिया जायेगा? | **लोक निर्माण** |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>04-03-2005 | 6. | क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र तहसील धारचूला के जौलजीवी से मुनस्यारी जाने वाले मोटर मार्ग में पुलों की दशा अत्यधिक खराब है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में इन पुलों का जीर्णोद्वार शीघ्र करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री गगन सिंह रजवार<br>04-03-2005 | **7.** क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र धारचूला-मुनस्यारी में मृगविहार क्षेत्र होने के कारण विकास कार्य बाधित हो रहे हैं? यदि हाँ, तो क्या मृग विहार क्षेत्र का पुनसीमांकन किये जाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक? | **वन** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>04-03-2004 | **8.** क्या लोक निर्माण मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगी कि जनपद चमोली के विकासखण्ड पोखरी के पैडी कुजासू मोटर मार्ग में कास्तकारों को भूमि का मुआवजा दे दिया गया है? यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं? | **लोक निर्माण** |
| श्री अजय भट्ट<br>04-03-2005 | **9.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि देहरादून जिले के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-58 के स्थान ब्रहमपुरी में केन्द्रीय निधि से स्वीकृत मोटर पुल का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो चुका है? यदि हाँ, तो इसे कब तक पूर्ण कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री अजय भट्ट<br>04-03-2005 | **10.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद अल्मोड़ा में काकडीघाट-द्वारसों मोटर मार्ग कब स्वीकृत हुआ तथा आज तक इस मोटर मार्ग में डामरीकरण न किये जाने के क्या कारण हैं? क्या सरकार इसी वित्तीय वर्ष में मोटर मार्ग में डामरीकरण करने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री अजय भट्ट<br>04-03-2005 | **11.** क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगी कि जनपद अल्मोड़ा में काकडीघाट-शीतलाखेत मोटर मार्ग कब स्वीकृत हुआ? आज तक इस मोटर मार्ग के शीतलाखेत तक निर्माण न होने का क्या कारण हैं? क्या सरकार इसी वित्तीय वर्ष में इस सड़क का शीतलाखेत तक निर्माण करने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री अजय भट्ट<br>04-03-2005 | **12.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद अल्मोड़ा में सौनी-ड्योडाखाल-सिलोर महादेव सड़क का निर्माण कब प्रारम्भ हुआ तथा आज तक इस सड़क के डामरीकरण न होने के क्या कारण हैं? सरकार कब तक इस मोटर मार्ग को डामरीकृत करवायेंगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>04-03-2005 | **13.** क्या वन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के वनों में गिरी-पड़ी कुकाट लकड़ी से कोयला बनाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| श्री नारायण पाल<br>04-03-2005 | **14.** क्या सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि फिल्म विकास बोर्ड का गठन किये जाने के बावजूद भी उत्तरांचल की फिल्म नीति की घोषणा न किये जाने के क्या कारण हैं तथा कब तक फिल्म नीति की घोषणा कर दी जायेगी? | **सूचना एवं प्रौद्योगिकी** |

श्रीमती विजय बड़थ्वाल
05-03-2005

15. **दिनांक 28-03-2005 को अतारांकित 77 द्वारा उत्तरित**

श्री पुष्पेश त्रिपाठी
05-03-2005

16. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि श्री दिगम्बर पन्त रीजनल निकासी मोहर्रिर ढ़ेलारेन्ज प्रोजेक्ट टाइगर रामनगर की मृत्यु उनके सेवाकाल में ही 13 फरवरी, 2003 को हुई थीं? यदि हाँ, तो क्या उनके आश्रित को सेवायोजन प्रदान कर दिया गया हैं? यदि नहीं, तो क्यों? **वन**

श्रीमती विजय बड़थ्वाल
05-03-2005

17. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि अति0 स्वा0 केन्द्र कड़धर, जनपद पौड़ी गढ़वाल हेतु कोई मोटर मार्ग नहीं है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनकल्याणार्थ मरीजों व अस्पताल कर्मचारियों की सुविधा हेतु सड़क मार्ग बताये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? **लोक निर्माण**

श्री नारायण पाल
05-03-2005

18. क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि उत्तरांचल के नगरीय क्षेत्रों में लगी लाखों रूपये की हाईमास्ट लाईटें 20 दिन जलने के बाद खराब घोषित कर दी गई हैं? यदि हाँ, तो क्या हाईमास्ट लाईटें लगाते समय कार्यदायी संस्था से उक्त की गुणवत्ता संबंधी कोई करार किया गया था? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? **नगर विकास**

श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट
05-03-2005

19. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के वन रक्षकों की मांगो के समाधान हेतु प्रमुख वन संरक्षक ने अपने पंत्राक 1542 शिविर (1)/10-9(1), दिनांक 30 दिसम्बर, 2004 को समस्त प्रभागीय वनाधिकारी को आदेश निर्गत किये गये थे? यदि हाँ, तो वे क्या आदेश थे? क्या मंत्री जी यह भी बतलाने का कष्ट करेंगे कि समझोता होने के पश्चात् पत्र संख्या 1685-शिविर 10-9(1) दिनांक 11 जनवरी, 2005 के द्वारा पुनः प्रमुख वन संरक्षक उत्तरांचल को अपने पूर्व पत्र के खण्डन करने की आवश्यकता क्यों हुई? क्या मंत्री जी इस प्रकरण की जांच कराकर समझोते के विपरीत आदेश निर्गत करने के दोषी अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही करेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? **वन**

श्री प्रीतम सिंह पंवार
05-03-2005

20. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौगांव के अति दूरस्थ व पिछड़े क्षेत्र नौगांव-गोडर के ग्राम, नौगांव मताड़ी, कलोजगांव, केवलगांव, खिरमू, जांदणू आदि गांवों को जोड़ने के लिए चामी-सिंगूणी मोटर मार्ग का विस्तार जनहित में किया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? **लोक निर्माण**

| | | |
|---|---|---|
| श्री अजय भट्ट<br>07-03-2005 | **21.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुख्यमंत्री द्वारा उत्तरांखण्ड डिप्लोमा महासंघ की समस्याओं के निस्तारण हेतु फरवरी, 2002 में लोक निर्माण विभाग मंत्री का अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया था? यदि हाँ, तो समिति द्वारा संस्तुत सिफारिशों का क्रियान्वयन कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | **तृतीय सोमवार के अतारांकित 19 में स्था0** |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>07-03-2005 | **22.** क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत बासँवाडा-मोहनखाल मोटर मार्ग पर केन्द्रीय सड़क निधि से स्वीकृत डामरीकरण का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>07-03-2005 | **23.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड़ नौगावं के अति दूरस्थ व पिछड़े क्षेत्र नौगांव-गोडर के ग्राम-बुरसी, ओडगांव, लोदन, जुगड़गांव, मोलागांव आदि गांवों को जोड़ने हेतु सारीगाड़-गाद मोटरमार्ग का जनहित में विस्तार किया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>07-03-2005 | **24.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड़ नौगावं में गमरा-चोपडा मोटर मार्ग निर्माण कार्य कब प्रारम्भ किया गया तथा उक्त मार्ग पर कुल कितना व्यय किया गया? मोटर मार्ग की यातायात हेतु कब तक खोल दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>07-03-2005 | **25.** क्या वन मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड कर्णप्रयाग के अन्तर्गत धार-डुग्गी मेखूरा मोटर मार्ग जो कि वन क्षेत्र के अन्तर्गत पड़ता है स्वीकृति हेतु शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा उक्त के संदर्भ में क्या कार्यवाही की गयीं? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>07-03-2005 | **26.** क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के सतपुली-व्यासघाट मोटर मार्ग के स्थान मंगोलीगांव में नयार नदी पर झूला पुल कब स्वीकृत हुआ था? इस पुल के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी तथा अब तक कितनी धनराशि व्यय की गई है? क्या यह सत्य है कि निर्माणाधीन उक्त झूला पुल का एक पहिया पहली वर्षात में ही क्षतिग्रस्त हो गया था, और तब से इस स्वीकृत झूला पुल का निर्माण नहीं हो पाया है? यदि हाँ, तो इसके प्रति कौन उत्तरदायी है और इस झूला पुल के अवशेष निर्माण कार्य को कब तक पूर्ण करवाए जाने की सम्भावना है? | **लोक निर्माण** |
| श्री नारायण पाल<br>07-03-2005 | **27.** क्या राज्य सम्पत्ति मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि 'उत्तरांचल भवन' दिल्ली, राज्य अतिथि गृह (नैनीताल क्लब) नैनीताल के अनुरक्षण एवं रख रखाव पर विगत तीन वर्षो में कितना व्यय हुआ है तथा कक्षों के किराए के रूप में कितनी आय हुई है? क्या सरकार दिल्ली में नया अतिथि गृह बनाने जा रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **राज्य सम्पत्ति** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री गगन सिंह रजवार<br>07–03–2005 | **28.** क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र धारचूला मुनस्यारी में सेराघाट से मुनस्यारी तक के मार्ग का डामरीकरण कब तक कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>09–03–2005 | **29.** **स्पष्टीकरण हेतु हटाया गया** | |
| श्री अनिल नौटियाल<br>10–03–2005 | **30.** क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली में कर्णप्रयाग विकासखण्ड के अन्तर्गत वन पंचायत रतूड़ा पट्टी चाँदपुर के ग्राम वासियों द्वारा स्वंय की भूमि पर औषधीय वृक्षारोपण करने का कोई प्रस्ताव शासन स्तर पर लम्बित है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **प्रथम गुरूवार के अतारांकित 04 में स्था0** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>14–03–2005 | **31.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के मनेरी नामक स्थान पर दिनांक 10 फरवरी, 2004 को मुख्यमंत्रीजी द्वारा बड़कोट में पौंटी पुल निर्माण की घोषणा की गयी थी? यदि हाँ, तो पौंटी पुल का निर्माण कब तक करा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री किशोर उपाध्याय<br>14–03–2005 | **32.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेंगी कि जनपद टिहरी गढ़वाल, विकासखण्ड जाखणीधार के अन्तर्गत टिपरी–कांडीखाल सड़क को वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है? यदि हाँ, तो सड़क का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15–03–2005 | **33.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड व नौगांव अन्तर्गत डामटा–काण्डी–खनाटी मोटर मार्ग लम्बे समय से बन्द पड़ा हुआ है? यदि हाँ, तो उक्त मोटर मार्ग को आवागमन के लिये कब तक खोल दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |